अपने हेपेटाइटिस बी परीक्षण के परिणामों को समझना*

रक्त परीक्षण के हेपेटाइटिस बी पैनल में तीन परीक्षण शामिल होते हैं। आपकी स्थिति की पुष्टि करने के लिए तीनों परिणाम पता होने आवश्यक हैं। नीचे एक चार्ट है जिसमें परीक्षण के परिणामों की सबसे सामान्य व्याख्या है, लेकिन परीक्षण के असामान्य परिणाम भी हो सकते हैं।

कृपया ध्यान दें: यह चार्ट किसी तरह की चिकित्सकीय सलाह नहीं है। पूरी तरह समझने के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें और अपने परीक्षण परिणामों की एक प्रिंट कॉपी प्राप्त करें।

HBsAg हेपेटाइटिस बी सरफ़ेस एंटीजन टेस्ट	**anti-HBs** (HBsAb) हेपेटाइटिस बी सरफ़ेस एंटीबॉडी टेस्ट	**anti-HBc** (HBcAb) हेपेटाइटिस बी कोर एंटीबॉडी टेस्ट	**परिणामों का क्या मतलब है**	**आपको क्या करना चाहिए**
−	−	−	**आप प्रतिरक्षित नहीं हैं/सुरक्षित नहीं हैं** • आप संक्रमित नहीं हैं और पहले भी कभी संक्रमित नहीं हुए हैं। • आपको हेपेटाइटिस बी संक्रमण का खतरा है।	**वैक्सीन की ज़रूरत है**
−	+	−	**आप प्रतिरक्षित हैं/सुरक्षित हैं** • आप संक्रमित नहीं हुए हैं। • आप हेपेटाइटिस बी के टीकाकरण की वजह से प्रतिरक्षित हैं।	**वैक्सीन की ज़रूरत नहीं है**
−	+	+	**आप प्राकृतिक संक्रमण की वजह से प्रतिरक्षित हैं** • आप पहले हेपेटाइटिस बी के संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। • आप दूसरों को संक्रमित नहीं कर सकते।	**वैक्सीन की ज़रूरत नहीं है** • अपने सभी डॉक्टरों को अपने हेपेटाइटिस बी परीक्षण के परिणामों के बारे में बताएँ। • प्रतिरक्षादमनकारी दवा लेने से पहले अपने डॉक्टर से बात करें क्योंकि वे हेपेटाइटिस बी के रिएक्टिवेशन के जोखिम को बढ़ा सकती हैं।
+	−	+	**आप संक्रमित हैं** • आपके रक्त में हेपेटाइटिस बी वायरस है। • आप हेपेटाइटिस बी वायरस को दूसरों तक फैला सकते हैं।	**आपको और परीक्षण की आवश्यकता है** • आगे के मूल्यांकन और परीक्षण के लिए डॉक्टर की तलाश करें। • अपने डॉक्टरों को अपने हेपेटाइटिस बी परीक्षण के परिणामों के बारे में सभी बातें बताएँ। • सुनिश्चित करें कि आपके साथी और आपके साथ रहने वालों का भी परीक्षण और टीकाकरण हो।
−	−	+	**आप संक्रमित हो सकते हैं** • परिणाम अस्पष्ट—संभावित पिछला या वर्तमान हेपेटाइटिस बी संक्रमण।	**आपको और परीक्षण की आवश्यकता है** • आगे के मूल्यांकन और परीक्षण के लिए डॉक्टर की तलाश करें। • अपने डॉक्टरों को अपने हेपेटाइटिस बी परीक्षण के परिणामों के बारे में सभी बातें बताएँ। • प्रतिरक्षादमनकारी दवा लेने से पहले अपने डॉक्टर से बात करें क्योंकि वे हेपेटाइटिस बी के रिएक्टिवेशन के जोखिम को बढ़ा सकती हैं। • सुनिश्चित करें कि आपके साथी और आपके साथ रहने वालों का भी परीक्षण और टीकाकरण हो।

HepBHub
doh.wa.gov/hepbhub

*इस तालिका में दी गई जानकारी उन लोगों पर लागू नहीं होती जिन्हें तीव्र (या हाल ही में प्राप्त) हेपेटाइटिस बी हो सकता है।

Washington State Department of Health

DOH 420-434 October 2022 Hindi
इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने के लिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ई-मेल करें। स्रोत: Hepatitis B Foundation https://www.hepb.org